


# 8 करोड़ की राशि से बनाई जायेगी सड़क

## महापौर परिषद की बैठक संपन्न, बगैर अनुमति के चल रहे मैरिज गार्डनों के विरुद्ध सख्ती के साथ कार्यवाई की जावेगी

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. महापौर परिषद की बैठक महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी की अध्यक्षता में निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं एम आई सी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई. जिसमें नगर विकास एवं सौन्दर्यीकरण के विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिए गए.**

शहर में विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत 8 करोड की राशि से शहर के सड़कों का निर्माण कार्य किया जायेगा. बगैर अनुमति के चल रहे मैरिज गार्डनों के विरूध्द सख्ती के साथ कार्यवाही की जावेगी. शहर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या को दृष्टिगत रखते हुये विभिन्न स्थानों पर नालों का निर्माण, सौन्दर्यीकरण के विभिन्न कार्यों एवं नागरिकों की सुविधा हेतु टायलेट निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की गई. ननि क्षेत्र में संबंधित मैरिज गार्डनों का अनुविज्ञप्ति की दरों में वृध्दि किये जाने एवं नगर पालिका अधिनियम के तहत् कारखाना खोलने की अनुमति लिये जाने हेतु उसके शुल्क निर्धारण करने के संबंध में शुल्क संशोधित करने की स्वीकृति प्रदान की गई. कारखाना संचालन की अनुमति लेना अनिवार्य किया गया जिसका अनुमति शुल्क निर्धारण की स्वीकृति प्रदान की गई इसके साथ ही अनाधिकृत मैरिज गार्डन एवं अपंजीकृत मैरिज गार्डन संचालन को रोकने के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया. प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक 2.0 के अंतर्गत 109 पात्र हितग्राहियों की सूची महापौर परिषद द्वारा पुष्टि की गई. स्ट्रोम वाटर ड्रेन, एस.बी.एम.2.0 अंतर्गत टायलेट निर्माण, शहर के विभिन्न स्थलों पर सौंदर्यीकरण, आंतरिक साज-सज्जा एवं विभिन्न विकास कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई. जिसमें निविदा समिति के प्रतिवेदन अनुसार श्री राधे प्रोडक्शन जबलपुर की जारी की गई ऑनलाईन निविदा एवं निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर की पुष्टि की गई. बकाया करों हेतु जल प्रभार शुल्क, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क तथा सीवरेज उपभोग शुल्क एवं अन्य शुल्कों की वसूली कार्य को ठेका से दिये जाने के संबंध में शर्तें तैयार की गई. आवारा कुत्तों के बधियाकरण एवं टीकाकरण हेतु 3 बार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई, चतुर्थ निविदा में यारा फाउण्डेशन की दर पात्र पायी गई. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत 15 वें वित्त की राशि से एम.एस.डब्ल्यूसाल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड को डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन ट्रांसपोर्ट आदि हेतु टिपिंग फीस की राशि के भुगतान की स्वीकृति की पुष्टि की गई. मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य हेतु राशि रू. 8 करोड़ की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हुई.



# बुंदेलखंड के लोक-हृदय में श्रीराम पर संगोष्ठी

## शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, में बुंदेलखंड के लोक-हृदय में श्रीराम विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ.**

रानी अवंतीबाई लोधी विवि के कुलगुरू डॉ. विनोद मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्वानों ने श्रीराम के लोक-व्यापी स्वरूप और बुंदेलखंड की संस्कृति में उनके गहरे प्रभाव पर गहन मंथन किया. संगोष्ठी की संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि श्रीराम केवल एक नाम मात्र नहीं, बल्कि नर और नारायण के साक्षात् रूप हैं. श्रीराम का जीवन एक वटवृक्ष की भांति है, जिसकी छाया में संपूर्ण मानवता पल्लवित होती है.



डॉ. मिश्र ने कहा कि पिछले 500 वर्षों से भले ही कई लोगों ने राम की सत्यता को विवादास्पद बनाने की कोशिश की, लेकिन लोक मानस में उनकी जड़ें अत्यंत गहरी हैं. सत्र में महंत केशव गिरि महाराज ने श्रीराम को अखंड ब्रह्मांड के कण-कण का प्राण बताया. कार्यक्रम में डॉ. नीरज दुबे ने कहा कि शिक्षा से अधिक संस्कार की आवश्यकता है. डॉ. शक्ति जैन ने जैन पद्मपुराण में वर्णित श्रीराम की कथा का उल्लेख करते हुए उनके आदर्शों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला. मुख्य वक्ता प्रख्यात विद्वान पंडित श्यामसुंदर दुबे ने कहा कि लोक स्मृति इतिहास निर्माण में सहायक होती है. संचालन डॉ. अमर कुमार जैन ने किया और आभार डॉ. आशीष द्विवेदी ने व्यक्त किया. संगोष्ठी में रिपोर्टिंग और मीडिया समन्वय का महत्वपूर्ण दायित्व डा अमर कुमार जैन ,डॉ. रेणु सोलंकी, डॉ. संदीप सबलोक एवं रश्मि दुबे ने संभाली.

# विवि के स्वास्थ्य केंद्र में नए वार्ड का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में नए वार्ड का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की यूटीडी शाखा के सहयोग से मरीजों की सुविधा हेतु फाइव-फंक्शन युक्त दो आधुनिक पलंग उपलब्ध कराए गए.**

इन पलंगों की उपलब्धता से भविष्य में मरीजों के उपचार एवं देखभाल में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी. इनका उपयोग विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों तथा रक्तदान शिविरों के आयोजन में भी होगा.



नए वार्ड का उद्घाटन कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर सुनील कुमार सिंह के साथ किया गया. कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय ने कहा कि इस प्रकार की पहल से विश्वविद्यालय परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा.

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार जैन ने कहा कि बैंक के सहयोग से प्राप्त इन आधुनिक पलंगों से मरीजों को अधिक सुविधा और बेहतर देखभाल उपलब्ध हो सकेगी.

# गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. बहेरिया थाना क्षेत्र के चनाटोरिया इलाके में स्थित गत्ता बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक आग लग गई. कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 10 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं.**

तेज लपटों को देखकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी. आग की सूचना मिलते ही मकरोनिया नगर पालिका, सागर नगर निगम, कर्रापुर और शाहपुर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके



पर पहुंचीं. कई घंटों तक आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन आग लगातार फैलती रही. इसके बाद सेना को सूचना दी गई. सेना की फायर फाइटर टीम मौके पर पहुंची और नगर निगम की टीमों के साथ मिलकर आग बुझाने का काम शुरू किया, करीब 7 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका.

# डोहेला महोत्सव का आयोजन 2 अप्रैल से

**खुरई.** डोहेला (खुरई) महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक खुरई में किया जाएगा. आयोजन के तीनों दिन देश के प्रसिद्ध आर्टिस्ट अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे. खुरई क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संजोए रखने वाला यह महोत्सव आज देशभर में डोहेला महोत्सव के नाम से प्रसिद्ध है. पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि इस आयोजन को हर वर्ष की तरह इस बार भी और व्यापक एवं व्यवस्थित बनाएंगे.

# साप्ताहिक शतरंज कार्यक्रम संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. यूथ सर्विसेस रोटरी क्लब के द्वारा आयोजित निशुल्क शतरंज प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि यूथ सर्विसेज सीहोरा पूर्व रामबावू सिंह गौर ने कहा कि शतरंज से दिमाग तेज होता है और हर बच्चें को इसमें हर हफ्ते भाग लेना चाहिए.**

सिविल लाइन में आर्बिटर इंजी. अंकुर सिंह लोधी ने सभी बच्चों को प्रशिक्षण दिया.

प्रशिक्षण यूथ सर्विसेज चैयरमैन रो. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा एड., रोहित अभितास, विकेश जैन, मोनिका सोनी की उपस्थिति में दिया गया. यह प्रशिक्षण सिविल लाइन में दिया जाएगा.

# स्वच्छता अभियान की ली शपथ



नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. स्व. अस्थाना की स्मृति में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी गली बचपन की का आयोजन हुआ.**

डॉ. वंदना गुप्ता ने इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में बाल साहित्यकार के रूप में सक्रिय भागीदारी निभाई. ाष्ट्र के विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों एवं साहित्यकारों ने वैचारिक स्वच्छता अभियान का समर्थन करते हुए समाज में इसे जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया. सभी ने मां-बहन-बेटी के नाम पर दी जाने वाली अपमानजनक गालियों के विरुद्ध समाज को जागरूक करने और एक स्वस्थ, सभ्य एवं संस्कारित भाषा-संस्कृति के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने की शपथ ली.

# इंटीग्रेटेड योग शिविर का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में जन जागृति कार्यक्रम के अंतर्गत नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का शुभारंभ योगाचार्य भगत सिंह, द्वारा किया गया.**

योगाचार्य भगत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में भारत में सर्वाइकल (गर्दन), कमर दर्द एवं घुटना दर्द अत्यंत सामान्य स्वास्थ्य समस्या बन गई है. विभिन्न अध्ययनों के अनुसार भारत में लगभग 48 से 51 प्रतिशत लोगों को कमर दर्द की समस्या रहती है, जबकि लगभग 49 प्रतिशत लोगों



में गर्दन या कमर दर्द पाया जाता है.

यदि व्यक्ति प्रतिदिन योगाभ्यास, संतुलित प्राकृतिक आहार, उचित दिनचर्या तथा धूप का सेवन अपनाए तो अधिकांश सर्वाइकल, कमर एवं घुटना दर्द की समस्या बिना ऑपरेशन के भी नियंत्रित की जा सकती है. इस अवसर पर वरिष्ठ योग शिक्षक एस. वाजपेयी, दामोदर प्रजापति, महेश पॉल, मनोज जैन, सुरेश रैकवार, सुनील पॉल, रमेश चौधरी, रामस्वरूप जायसवाल, रघुराज सेन, अजय खरे, प्रमोद गुप्ता, अंजू गुप्ता, रेखा साहू, शैलेंद्र साहू, रामकुमार तिवारी मौजूद थे.

# पैदल परिक्रमा करने का संकल्प

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 16 मार्च. गौरझामर से नवयुवक दोनों भाई आयुष लोधी और तनिष्क लोधी ने अपने मन से संकल्प लिया और पैदल चलकर बरमान पहुच गए बरमान पहुंचकर दोनों ने माता नर्मदा को अंजली में भरकर पैदल परिक्रमा करने का संकल्प ले लिया.**

माता नर्मदा की परिक्रमा कार्तिक पूर्णिमा से पैदल यात्रा शुरू कर दी माता नर्मदा की परिक्रमा लगातर पैदल 5 से 6 माह में पूरी होती है. दोनों भाइयों ने बताया कि हम दोनों पूरी तरह स्वास्थ्य है और अमरकंटक से वापिस होकर



बरमान की ओर जा रहे हैं. 3000 किमी की यात्रा में हम दोनों भाइयों को 4 महिने का समय लग गया और लगभग 10-12 दिन में हमारी यात्रा पूर्ण हो जाएगी. दोनों भाइयों ने माता नर्मदा की परिक्रमा बरमान से शुरू की थी और बरमान से हम दोनों भाई पैदल सेठानी घाट होशंगाबाद से होते हुए खामभात की खाड़ी पहुंचें, वहां से नाव के द्वारा हमने समंदर पार किया.

# डंपर बाइक टक्कर में घायल की हुई मौत

**रहली.** गढ़ाकोटा मार्ग के खमरिया रोड के मोड़ पर खमरिया वायपास पर हुये सडक दुर्घटना में गंभीर घायल शिवराम अहिरवार निवासी हरदुआ की इलाज के लिए भोपाल जाते समय मौत हो गई. दूसरे का इलाज जारी है. टक्कर इतनी भयावह थी कि मोटर साईकिल का पुर्जा पुर्जा सडक पर बिखर गया, बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हुए जिन्हें 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहली ले जाया गया था, गंभीर चोट के कारण पहले सागर फिर सागर से भोपाल रेफर किया गया था.

# क्लब जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. अलायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 108 का डिस्ट्रिक्ट कन्वेंशन एवं सम्मान समारोह डा. दिवाकर मिश्रा इंटरनेशनल डायरेक्टर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ.**

आयोजन समिति के चेयरपर्सन एमके जैन द्वारा क्लब के नियमों से सदस्यों को अवगत कराया. डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा वीना शर्मा ने सत्र 25,-26 में किए गए कार्यों को उल्लेखित किया., डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी डा शैलेश आचार्य, डा प्रतिभा जैन ने सत्र का सचिवीय प्रतिवेदन एवं गतिविधियों का ब्यौरा दिया. डिस्ट्रिक्ट ट्रेजर इंजी अजय भदौरिया ने आय व्यय का लेखा जोखा सदन के समक्ष रखा. समारोह में आजीवन सदस्यों,एस एल एफ, एवं केबिनेट मेंबर्स का



सम्मान किया गया. सभी क्लबों द्वारा अलाय हरचरण सिंह नैय्यर के मार्गदर्शन में प्रदर्शन किया जिसमें समर्पण एवं बीना शक्ति को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया. आगामी सत्र 26-27 के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर,वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 1 एवं वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2 के लिए नामांकन एवं निर्वाचन किया गया. जिसमे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के लिए एम के जैन,वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 1 के लिए डा स्वर्णा आचवल, एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इंजी रमेश सैनी निर्वाचित हुए. सत्र 25-26 में विभिन्न क्लबो द्वारा की गई अनेक सेवा गतिविधियों में श्रेष्ठ गतिविधियों के लिए लगभग 50 सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया. बीना शक्ति को बेस्ट क्लब ऑफ दा ईयर, विदिशा अलंकृता को एक्सीलेंस क्लब ऑफ दा ईयर एवं सागर समर्पण को आउट स्टैंडिंग क्लब ऑफ दा ईयर घोषित किया गया.

# रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 16 मार्च. तालबेहट तहसील परिसर में सोमवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी की टीम ने एक राजस्व लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.**

जानकारी के अनुसार तालबेहट क्षेत्र के ग्राम बिजरौठा निवासी जगन्नाथ साहू जमीन को आवासीय व्यावसायिक उपयोग में परिवर्तन कराने के लिए धारा 80(1) की रिपोर्ट लगवाना चाहते थे. आरोप है कि इसके लिए राजस्व लेखपाल दीपेश कुमार सिंह द्वारा उनसे 5 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी. पीड़ित ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी से की. शिकायत के आधार पर टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया. जानकारी के अनुसार तहसील परिसर स्थित सरकारी आवास के बाहर जैसे ही लेखपाल ने शिकायतकर्ता से 5 हजार रुपये लिए, तभी पहले से घात लगाए बैठी टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया. कार्रवाई के दौरान लेखपाल के साथ मौजूद उसके सहयोगी सत्यम साहू को भी टीम ने हिरासत में ले लिया.

दोनों को पकड़ने के बाद टीम ने उन्हें तालबेहट थाने ले जाकर पूछताछ की. भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम की तहरीर पर थाना तालबेहट में दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही थी. पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है. इस कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए.

# अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी में पंच कल्याणक शुरू



नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 16 मार्च. जैन अतिशय क्षेत्र पटेरिया पर प्रारंभ होने जा रहे पंच कल्याणक महोत्सव के पहले दिन चौधरी जैन मंदिर से जैन समाज के लोगों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से घटयात्रा निकाली गई.**

घटयात्रा प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होते हुई रूई बाजार पहुंची. जहां पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी द्वारा स्वागत किया गया. इस घटयात्रा में हाथियों का समूह भी साथ चल रहा था. यात्रा नगर भ्रमण के दौरान जैन अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी पहुंची. जहां पर विधि-विधान के साथ पंच कल्याणक गजरथ महोत्सव की शुरुआत हुई जो 16 मार्च से 21 मार्च तक चलेगा. पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव जैन धर्म में तीर्थंकरों के जीवन की पांच प्रमुख शुभ घटनाओं गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान एवं मोक्ष को याद करने और जिनालय में प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए आयोजित किया जाता है जो पवित्र जीवन की शक्ति, आत्मजागृति एवं वैराग्य की याद दिलाता है,इस दौरान मंदिर में प्रतिमाओं में मंत्रोच्चार के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की जाती है जिससे वे पूज्यनीय बन सके. प्रारंभ हुए इस पंच कल्याणक महोत्सव में दो दिनों तक गर्भ कल्याणक चलेगा. कार्यक्रम में आशीष जैन, दिलीप सेठ, देवेंद्र सेठ, मनीष जैन, सुरेंद जैन,मयंक जैन, कमलेश जैन, सतीश बैसाखिया, सुनील रौन सहित जैन समाज के पुरुष एवं महिला मौजूद रहे. जैन समाज के अनुयायी दूर-दूर से शामिल होने आ रहे है.


**न्यायालय तहसीलदार जैसीनगर जिला-सागर (म.प्र.)**

क्रमांक.क/475/री.तह./2026 जैसीनगर दिनांक 09/03/2026

राजस्व प्रकरण क्रमांक 265 अ/6 वर्ष 2025-26

1. कमलाकर राव पिता वेकटेश राव उर्फ वेंकट राव निवासी बरियाघाट सागर तहसील व जिला सागर .................. आवेदक

विरुद्ध

1. मध्यप्रदेश शासन .......... अनावेदक

**सूचना पत्र**

ऐतद् द्वारा जरिये सूचना पत्र आप अनावेदक को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक कमलाकर राव पिता वेकेटश राव उर्फ वेकट राव निवासी बरियाघाट तहसील व जिला सागर ने ग्राम घोघरी तहसील जैसीनगर में स्थित भूमि खसरा नम्बर 108, 112 रकवा क्रमश: 2.22, 0.80 हे. कुल रकवा 3.02 हे. भूमि स्थित होने जिसके खातेदार का स्वर्गवाश हो जाने के कारण मृत्तक के वैध चारिशों के रूप में में वारिशों के नाम बारसान नामांतरण किये जाने हेतु खसरा खतौनी वर्ष 2025-26 की सत्यप्रतिलिपि संलग्न कर आवेदन पत्र इस न्यायालय में मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में आप अनावेदक एवं अन्य किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.03.2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति स्वयं या मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह सूचना पत्र आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जैसीनगर जिला सागर**


# अगर किसी का आईडियल बन पाये तो जीवन सफल : एएसपी

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित की गई राष्ट्रीय कार्यशाला के समापन सत्र का शुभारंभ हुआ.**

कार्यशाला समन्वयक डॉ. संजय खरे ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यशाला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से 18 विषय विशेषज्ञों ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु मागदर्शन प्रदान किया. मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा ने कहा कि जीवन की असली सफलता तब मानी जाती है, जब आपका व्यक्तित्व एवं कार्य दूसरो के लिए



प्रेरणा बन सके.उन्होने कहा कि सोशल मीडिया क्षणिक सुख देता है, किंतु मेहनत से मिली सफलता जीवन पर्यन्त सुख देती है.विशिष्ट अतिथि एसडीएम बीना विजय डहरिया ने कहा कि निरन्तर अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है.जीवन की कोई भी कठिनाई आपके आत्म विश्वास को तोड़ नहीं सकती.अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि जब स्वयं की पसंद का कार्य करते है तो रूचि एवं लगन स्वभाविक रूप से बढ़ जाती है, कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त करना भी सरल हो जाता है.

आयोजन सचिव ले. डॉ. अंशु सोनी ने सदन को बताया कि यह राष्ट्रीय कार्यशाला छात्राओं के प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर प्रश्नों एवं शंकाओं के समाधान प्रस्तुत करने एवं छात्राओं के भविष्य निर्माण करने में सही दिशा दिखाने का एक प्रयास है. सहभागी छात्राओं ने कार्यशाला से प्राप्त अनुभव सांझा किये एवं कार्याशला के दौरान आयोजित प्रश्न मंच में विजेता समस्त छात्राओं को मंच के माध्यम से पुरूष्कृत किया गया. आभार आरती गुप्ता ने माना. इस अवसर पर डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. डी.के. गुप्ता, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी, डॉ. हरीओम सोनी, डॉ. प्रेम चतुर्वेदी, आर.सी प्रजापति आदि मौजूद थे.

# फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 16 मार्च. ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सागर में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ उद्घाटन समारोह के साथ हुआ.**

मुख्य अतिथि प्रो. संजीव दुबे, सेवानिवृत्त प्राचार्य, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, रहे. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. रंजीत रजक उपस्थित रहे. डायरेक्टर डॉ. रितुल सराफ तथा प्राचार्य डॉ. आरके जैन ने कहा कि ऐसे फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शिक्षकों के शोध कौशल, तकनीकी ज्ञान और शिक्षण क्षमता



को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. कार्यक्रम के एफडीपी समन्वयक प्रो. दीपक कोरी ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की. कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ. रंजीत रजक ने इम्पेरेटिव ऑफ रिसर्च पेपर फ्रेमवर्क विषय पर व्याख्यान दिया. उन्होंने शोध पत्र लेखन की संरचना, विषय चयन, साहित्य समीक्षा, संदर्भों के सही उपयोग तथा गुणवत्तापूर्ण जर्नल में प्रकाशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी. डॉ. विपिन कुमार, ने एआई आधारित पौध विश्लेषण पत्तियों का वर्गीकरण और कृषि विजन सिस्टम विषय पर व्याख्यान दिया.